# खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन में यूपी टॉप पर

**उपलब्धि**



विभागीय समीक्षा में डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने दी जानकारी

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश, देश में टॉप पर है। उन्होने निर्देश दिए कि खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा जाए और इसे बढ़ावा देने के लिए डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन की कार्यशाला आयोजित की जाए।

मौर्य कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास में बने कैंप कार्यालय में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में बताया गया कि पीएमएफएमई योजना में यूपी का स्ट्राइक रेट 99% है, जबकि आल इण्डिया 56% है। अर्थात जिनका ऋण स्वीकृत हुआ उसका अनुदान वितरण तत्काल हुआ है। डिप्टी सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश पीएमएफएमई योजना के तहत 101 दिन में ऋण स्वीकृति करने की श्रेणी में प्रथम स्थान पर है और 110 दिन के साथ बिहार दूसरे स्थान पर है।